आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
198000 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
Subscribe NOW

आजाद सिपाही
रांची, सोमवार, 10 मार्च, 2025
www.azadsipahi.in



# भारत की शानदार जीत, जश्न में डूबी राजधानी






भारत की जीत पर अल्बर्ट एक्का चौक पर जश्न मनाने लोग उमड़ पड़े। इस दौरान जश्न मनाने में महिला फैंस की भी भागीदारी रही। देर रात अल्बर्ट एक्का चौक पर इतनी भीड़ जमा हो गयी कि जाम जैसा नजारा दिखने लगा

## नरेंद्र मोदी और हेमंत सोरेन ने दी बधाई




आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** भारतीय टीम के जीत पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने खिलाड़ियों को बधाई दी है। मोदी ने सोशील मीडिया पर लिखा कि एक असाधारण खेल और एक असाधारण परिणाम। आइसीसी चैंपियंस ट्रॉफी घर लाने के लिए हमारी क्रिकेट टीम पर गर्व है। उन्होंने पूरे टूनामेंट में शानदार प्रदर्शन किया है। शानदार प्रदर्शन के लिए हमारी टीम को बधाई। वहीं, हेमंत सोरेन ने सोशल मीडिया पर पूरी टीम की तस्वीर साझा करते हुए लिखा कि 'शानदार चैपियन, शानदार टीम इंडिया।'

### अमित शाह ने टीम इंडिया को दी बधाई

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने एक्स पर पोस्ट में कहा, 'एक ऐसी जीत जिसने इतिहास रच दिया। आइसीसी चैंपियंस ट्रॉफी में शानदार जीत हासिल करने पर टीम इंडिया को बधाई। मैदान पर आपकी जोशीली ऊर्जा और अजेय प्रभुत्व ने देश को गौरवान्वित किया और क्रिकेट की उत्कृष्टता के लिए एक नया मानक स्थापित किया। आप हमेशा शानदार प्रदर्शन करें।

## झामुमो का कुनबा लगातार हो रहा मजबूत

**बहू बाजार चौक के समीप चलाया गया झामुमो का सदस्यता अभियान**

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** झामुमो रांची जिला संयोजक मंडली के तत्वावधान में संत पॉल कॉलेज, बहू बाजार चौक के समीप शिविर लगाकर झामुमो का सदस्यता अभियान चलाया गया। रांची जिला संयोजक प्रमुख मुस्ताक आलम की अध्यक्षता में सदस्यता अभियान चलाया गया। मौके पर झामुमो रांची जिला संयोजक प्रमुख मुस्ताक आलम ने कहा कि केंद्रीय नेतृत्व के निर्देशानुसार रांची जिला संयोजक मंडली द्वारा सदस्यता अभियान चलाया जा रहा है। कार्यक्रम में मुख्य रूप से रांची जिला संयोजक मंडली सदस्य पवन जेडिया, अश्विनी शर्मा, डॉ हेमलाल मेहता, बीरू तिर्की, संध्या गुड़िया, सोनू मुंडा एवं पूर्व जिला उपाध्यक्ष बीरू साहू, कलाम आजाद, पूर्व जिला संगठन सचिव आदिल इमाम, जिला के वरिष्ठ नेता आफताब आलम, पूर्व अल्पसंख्यक मोर्चा जिला अध्यक्ष फरीद खान, पूर्व युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह, महानगर के वरिष्ठ नेता जीत गुप्ता, पूर्व जिला प्रवक्ता अरविंदर सिंह देवल, महानगर के वरिष्ठ नेता अफरोज अंसारी, पूर्व किसान मोर्चा जिला सचिव सज्जाद अंसारी, पूर्व युवा मोर्चा जिला उपाध्यक्ष आशुतोष वर्मा, महानगर के वरिष्ठ नेता मंटू लाला, पूर्व महिला मोर्चा जिला उपाध्यक्ष अंशु लकड़ा, जिला के वरिष्ठ नेता बबलू राम, राजेश सिंह, पूर्व अल्पसंख्यक मोर्चा जिला उपाध्यक्ष परवेज आलम गुड्डू, पूर्व युवा मोर्चा जिला उपाध्यक्ष महताब आलम, संजय ठाकुर, महादेव मुंडा, विजय रविदास, भोलू मलिक, अकबर कुरैशी, अवधेश यादव, मो सन्नी, मो गुड्डू, नौशाद आलम, कुलदीपक कुमार, राजकुमारी टोपनो, युवा सदस्य रवि कुमार, मो आबिद, मोहन गोस्वामी, मो फारुख खान, शम्मी बाबू, राकेश, पूर्व सोशल मीडिया सदस्य अल्ताफ राजा, हरीश महतो, कामरान, अबुतालिब अंसारी, मंजीत कुमार एवं अन्य कार्यकर्ता शामिल हुए।

सदस्यता अभियान कार्यक्रम को सफल बनाने में मुख्य रूप से रांची महानगर के वरिष्ठ नेता जीत गुप्ता, अकबर कुरैशी, मो सन्नी एवं अन्य पार्टी कार्यकर्ताओं का अहम योगदान रहा।

## जिंदल स्टील एंड पावर ने नवीन जिंदल के जन्मदिन को फिटनेस दिवस के रूप में मनाया

आजाद सिपाही संवाददाता



**भुवनेश्वर।** अंगुल जिंदल स्टील एंड पावर (जेएसपी) के कर्मचारी, स्थानीय समुदाय के सदस्यों के साथ, जेएसपी के अध्यक्ष नवीन जिंदल का जन्मदिन मनाने के लिए एक साथ आये। समारोह की शुरूआत देवभूमि जिंदल मंदिर में विशेष पूजा के साथ हुई। सुबह-सुबह, जेएसपी के अंगुल स्थान प्रमुख और प्रभारी कार्यकारी निदेशक, पंकज मल्हान ने जिंदल नगर टाउनशिप में एक मिनी मैराथन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस कार्यक्रम में सभी आयु वर्ग के कर्मचारियों, उनके परिवारों और समुदाय के सदस्यों की उत्साहपूर्ण भागीदारी देखी गयी, जिसमें विजेताओं को मान्यता और पुरस्कार मिले। सामुदायिक कल्याण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता के तहत, जिंदल फाउंडेशन ने अंगुल संयंत्र से सटे गोलाबंध गांव में नव विकसित खेल के मैदान में एक हजार क्षमता वाले मंडप का उद्घाटन किया। जिंदल सीएसआर के अध्यक्ष और समूह प्रमुख प्रशांत होता ने इस सुविधा को ग्रामीणों को समर्पित किया और सभी उम्र के लिए जैविक आहार, खेल, एथलेटिक्स और फिटनेस पर नवीन जिंदल के ध्यान पर प्रकाश डाला। इस अवसर को मनाने के लिए बिनागड़िया और गोलाबंध गांवों के युवाओं ने एक मैत्रीपूर्ण क्रिकेट मैच खेला।

कौशल पारिस्थितिकी तंत्र को बढ़ाने के लिए नवीन जिंदल कौशल केंद्र, सुरक्षा पार्क, वॉलीबॉल स्टेडियम और एक नई कैंटीन सहित कई प्रमुख विकास पहलों का अनावरण किया गया। इन सुविधाओं का उद्घाटन पंकज मल्हन ने वरिष्ठ अधिकारियों की उपस्थिति में किया, जिनमें दामोदर मित्तल, कार्यकारी निदेशक-परियोजना, दिनेश त्रिपाठी, दिलीप सिन्हा, योग गुरु स्वामी सत्यबिंदु सरस्वती, विजय सिंह, ब्रिगेडियर दिनेश शर्मा और अन्य गणमान्य व्यक्ति शामिल थे।

### कमलापुरी वैश्य समाज का होली मिलन समारोह संपन्न



रांची (आजाद सिपाही)। कमलापुरी वैश्य समाज के द्वारा रतनलाल जैन स्मृति भवन रातू रोड में रविवार को होली मिलन समारोह का आयोजन धूमधाम से किया गया। इस अवसर पर समाज के लोगों ने एक-दूसरे को अबीर-गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दीं और आपसी सौहार्द्र और एकता का संदेश दिया। कार्यक्रम में मुख्य संरक्षक रणेंद्र कुमार, रांची इकाई के अध्यक्ष शैलेंद्र गुप्ता, उपाध्यक्ष उपेंद्र प्रसाद, दिनेश प्रसाद गुप्ता, महासचिव रजनीश कुमार गुप्ता, संरक्षक राजेंद्र प्रसाद, कोषाध्यक्ष पप्पू गुप्ता और उपसचिव शिवनारायण प्रसाद सहित समाज के अन्य गणमान्य सदस्य उपस्थित रहे। सभी सदस्यों ने एकजुट होकर समाज के विकास और संगठन की मजबूती पर जोर दिया। समारोह के अंत में उपस्थित सभी सदस्यों ने एक-दूसरे को शुभकामनाएं दीं और समाज की एकता एवं उन्नति के लिए प्रतिबद्धता जतायी।

### पलाश हर्बल गुलाल स्टॉल का भ्रमण किया



रांची (आजाद सिपाही)। सीइओ जेएसएलपीएस, कंचन सिंह, और एसएसपी-रांची, चंदन कुमार सिन्हा ने मॉल ऑफ रांची एवं न्यूक्लियस मॉल में पलाश हर्बल गुलाल स्टॉल का भ्रमण किया। उन्होंने ग्रामीण महिलाओं द्वारा फूलों से तैयार किये गये हर्बल गुलाल की खरीदारी की और इस पहल की सराहना की। साथ ही, उन्होंने रांचीवासियों से अपील की कि वे भी हर्बल गुलाल का उपयोग करें और होली को ईको-फ्रेंडली और सुरक्षित तरीके से मनाने के साथ साथ ग्रामीण महिलाओं के सशक्तीकरण में अपना सहयोग दें। सखी मंडल की महिलाओं ने पलाश ब्रांड के तहत रांची के विभिन्न प्रमुख स्थानों पर 15 स्टॉल लगाये हैं, जहां पलाश हर्बल गुलाल के साथ ही हैंडमेड चॉकलेट, रागी लड्डू और नमकीन जैसे शुद्ध उत्पादों की भी बिक्री की जा रही है।

### होली मिलन समारोह का आयोजन



रांची (आजाद सिपाही)। क्षत्रिय परिवार बरियातू ने होली मिलन समारोह का आयोजन पूजा श्री मैरिज हॉल चेशायर होम रोड बरियातू में किया। यह आयोजन लगातार चौथे वर्ष क्षत्रिय परिवार, बरियातू के द्वारा किया गया, जिसकी अध्यक्षता उदय प्रताप सिंह ने की। इस अवसर पर सैकड़ों क्षत्रिय बंधु और क्षत्रिय बहनों ने रंग-बिरंगी गुलाल लगाकर होली मिलन मनाया। सभी ने समाज को एकजुट करने का संकल्प लिया। इस अवसर पर रिम्स में एमबीबीएस करने वाले और सीए निकालने वाले क्षत्रिय विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। साथ ही, यह संकल्प लिया गया कि आने वाले वर्षों में क्षत्रिय परिवार बरियातू का अपना धर्मशाला सह कार्यालय हो। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से शिवाजी प्रशांत सिंह, विजेंद्र सिंह, संजीत सिंह, नंद किशोर सिंह चंदेल, अजय सिंह, पंकज सिंह, राजकुमार सिंह, पवन सिंह, मनोज सिंह आदि सहित सैकड़ों लोग उपस्थित रहे।

## किट यूनिवर्सिटी ने अपनी पहली राष्ट्रीय स्तर की ट्रैक साइक्लिंग चैंपियनशिप की मेजबानी की

आजाद सिपाही संवाददाता





**भुवनेश्वर।** अखिल भारतीय अंतर विश्वविद्यालय साइक्लिंग (पुरुष और महिला) चैंपियनशिप और ईस्ट जोन अंतर विश्वविद्यालय क्रिकेट (महिला) चैंपियनशिप 2025 का 9 मार्च 2025 को मिनाती मोहपात्रा साइक्लिंग वेलोड्रोम, किट कैंपस 4 में भव्य उद्घाटन किया गया। एसोसिएशन ऑफ इंडियन यूनिवर्सिटीज (AIU), नयी दिल्ली के तत्वावधान में आयोजित इस कार्यक्रम की मेजबानी किट और किस, भुवनेश्वर द्वारा साइक्लिंग फेडरेशन ऑफ इंडिया, ओडिशा साइक्लिंग एसोसिएशन और ओडिशा क्रिकेट एसोसिएशन के सहयोग से 9 से 13 मार्च, 2025 तक की जा रही है।

उद्घाटन समारोह में खेल और शिक्षा जगत की प्रतिष्ठित हस्तियां मौजूद थीं। मुख्य अतिथि, केआईआईटी, केआईएसएस और केआईएमएस के संस्थापक प्रोफेसर अच्युत सामंत, ओडिशा से साइकिलिंग में पहली अर्जुन पुरस्कार विजेता और ओडिशा साइकिलिंग एसोसिएशन की अध्यक्ष मिनाती महापात्रा के साथ इस अवसर पर उपस्थित थे। केआईएसएस डीम्ड टू बी यूनिवर्सिटी के कुलपति प्रोफेसर देबाशीष बंद्योपाध्याय ने स्वागत भाषण दिया, जिससे चैंपियनशिप की एक प्रेरणादायक शुरूआत हुई। साइकिलिंग चैंपियनशिप के लिए एआईयू के पर्यवेक्षक अनिल कुमार और भारतीय साइकिलिंग महासंघ के सुदाम रोकाडे ने भी सभा को संबोधित किया और भविष्य के चैंपियनों को तैयार करने में विश्वविद्यालय स्तर के खेलों के महत्व पर जोर दिया। कार्यक्रम में ओडिशा साइकिलिंग एसोसिएशन के सचिव प्रसन्ना राउत और स्कूल ऑफ स्पोर्ट्स एंड योगिक साइंसेज के महानिदेशक डॉ गगनेंदु दाश की उपस्थिति भी रही। चैंपियनशिप का उद्घाटन मिनाती मोहपात्रा साइक्लिंग वेलोड्रोम में हुआ, जो भारत का पहला 250 मीटर कंक्रीट साइक्लिंग वेलोड्रोम है, जिसका नाम मिनाती मोहपात्रा के सम्मान में रखा गया है।

## भुवनेश्वर : पुलिस ने कुख्यात अपराधी को मारी गोली, अस्पताल में भर्ती

आजाद सिपाही संवाददाता



**भुवनेश्वर।** राजधानी में दुर्दांत अपराधी दीपक कुमार का एनकाउंटर किया गया। एक गोली दीपक के बाएं पैर में लगी। गंभीर हालत में उन्हें एमएस अस्पताल में भर्ती कराया गया है। बड़गड़ थाना क्षेत्र में एटीएम लूटने आये दीपक का पुलिस के साथ आमना सामना हो गयी। भागने की कोशिश में दीपक ने पहले पुलिस पर फायरिंग की, जवाब में पुलिस ने भी जवाबी फायरिंग की। दीपक का घर बिहार में है, वह ओडिशा के अलग-अलग जगहों पर लूटपाट कर रहा था। दीपक के नाम पर विभिन्न थानों में कई मामले दर्ज हैं। दीपक के दो साथी दीपक पांडे और अभिषेक सिंह फरार होने की कोशिश में पकड़े गये। इनके नाम पर बिहार में 2, झारखंड में 1, पुरी और भुवनेश्वर में 2 मामले दर्ज हैं। सीसीटीवी फुटेज में एटीएम लुटेरे दीपक कुमार ने कल अनोखे अंदाज में पुरी के कुंभारपड़ा थाना अचल में एसबीआई एटीएम को लूटा। एटीएम में एक विशेष गम (अठा) लगाया गया था, जिसका नतीजा यह हुआ कि जब ग्राहक एटीएम से पैसे निकालने जाते थे तो पैसे नहीं निकलता, उसके बाद में दीपक उन पैसों को उठाकर भाग जाता था। इसी बीच साइंटिफिक टीम ने मुठभेड़ स्थल पर पहुंचकर जांच की, तो पता चला कि घटनास्थल पर एक देसी पिस्तौल, एक कारतूस, 12 एटीएम कार्ड, एक कार, तीन मोबाइल फोन, क्विक-फिक्स चिपकने वाला पदार्थ, एक चाकू और अन्य आपत्तिजनक सामान जब्त किया है। उन्होंने बताया कि बडगड पुलिस थाने में मामला दर्ज कर लिया गया है और आगे की जांच जारी है।

### एमसीएल को ग्लोबल सस्टेनेबल माइनिंग प्रैक्टिस अवार्ड 2025 मिला




**संबलपुर (आजाद सिपाही)।** कोल इंडिया लिमिटेड की सहायक कंपनी और भारत की अग्रणी कोयला उत्पादक कंपनी महानदी कोलफील्ड्स लिमिटेड (एमसीएल) को रविवार को भुवनेश्वर में आयोजित तीसरे ओडिशा माइनिंग एंड इंफ्रास्ट्रक्चर इंटरनेशनल एक्सपो में ग्लोबल सस्टेनेबल माइनिंग प्रैक्टिस अवार्ड 2025 मिला। यह पुरस्कार ओडिशा के माननीय राज्यपाल हरि बाबू कंभमपति ने एमसीएल के अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक उदय अनंत काओले को प्रदान किया। उदय अनंत काओले ने अपना आभार व्यक्त किया है और पर्यावरण के प्रति जागरूक और सामाजिक रूप से जिम्मेदार खनन के प्रति एमसीएल के समर्पण की पुष्टि की है। उन्होंने के कहा कि एमसीएल व्यापक वनरोपण, जल संरक्षण और कार्बन फुटप्रिंट को कम करने के लिए उन्नत खनन तकनीकों को अपनाने सहित हरित पहलों को लागू करने में सबसे आगे रहा है। टिकाऊ खनन के प्रति कंपनी के सक्रिय दृष्टिकोण ने कोयला क्षेत्र में एक बेंचमार्क स्थापित किया है, जिससे एक जिम्मेदार उद्योग नेता के रूप में इसकी स्थिति मजबूत हुई है।

### आरओपी पर साइट फॉर ऑल प्रोजेक्ट के चौथे चरण की शुरुआत

**भुवनेश्वर (आजाद सिपाही)।** एलवी प्रसाद आइ इंस्टीट्यूट (एलवीपीइआइ) ने कॉग्निजेंट फाउंडेशन के साथ साझेदारी में रेटिनोपैथी ऑफ प्रीमैच्योरिटी (आरओपी) पर साइट फॉर ऑल प्रोजेक्ट के चौथे चरण की शुुआत की घोषणा की। इस परियोजना का उद्देश्य ओडिशा के 15 जिलों में समय से पहले जन्मे शिशुओं को आरओपी के लिए जीवन बदलने वाली जांच और उपचार प्रदान करना है, जिसमें प्रौद्योगिकी-सक्षम जांच और उपचार पर ध्यान केंद्रित किया जायेगा। आरओपी बचपन में अंधेपन का एक प्रमुख कारण है जिसे रोका जा सकता है। पिछले चरणों से मिली सीख के आधार पर एफआइएसटी रणनीति को लागू करके गतिविधियों को मजबूत करने के लिए एक गहन अंतर विश्लेषण किया गया। यह कार्यक्रम पहचाने गए 15 जिलों - बलांगीर, मयूरभंज, रायगढ़ा, गजपति, कोरापुट, नबरंगपुर, कटक, पुरी, खोरदा, जगतसिंहपुर, भद्रक, गंजम, जाजपुर, क्योंझर और नयागढ़ में 5,000 से अधिक समय से पहले जन्मे नवजात शिशुओं की जांच करेगा।

# शोकाकुल परिजनों से मिले राज्य संगठन मंत्री



आजाद सिपाही संवाददाता

**राहे।** भाजपा राहे मंडल अध्यक्ष चितरंजन महतो के आकस्मिक निधन पर गमगीन परिजनों से भाजपा के वरीय नेताओं का मिलने का सिलसिला जारी है। रविवार को राज्य संगठन मंत्री क्रमवीर सिंह उनके पैतृक गांव डोकाद पहुंचे। इन्होंने शोकाकुल परिवार से मिलकर संवेदनाएं व्यक्त की। मौके पर भाजपा ग्रामीण जिला अध्यक्ष विनय महतो धीरज, मंडल महामंत्री मेघनाथ महतो, सोनाहातू मंडल अध्यक्ष खगेश महतो, सिल्ली मंडल अध्यक्ष अंबुज रजक, गंगाधर साव,युधिष्ठिर महतो, मौजूद थे।

# पीएलएफआइ के पांच नक्सली गिरफ्तार

आजाद सिपाही संवाददाता

**खूंटी।** ठेकेदारों से लेवी वसूलने की योजना बना रहे प्रतिबंधित नक्सली संगठन पीएलएफआइ के पांच सक्रिय नक्सलियों को पुलिस ने शनिवार को कर्रा थाना क्षेत्र के रोंहे जंगल से गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार नक्सलियों के पास से पुलिस ने एक देसी कारबाइन मैग्जीन के साथ एक जिंदा गोली, पीएलएफआइ के छह पर्चे, चार बाइक, पांच मोबाइल फोन और एक बैग बरामद किया है। पकड़े गये नक्सलियों में रांची जिले के इटकी थाना क्षेत्र के तरगड़ी गांव निवासी पवन कुमार उर्फ पवन महतो (26 वर्ष) और करमा बारला (38 वर्ष), रामगढ़ जिले के मांडू थाना क्षेत्र के इटमा मोड़ कुजू निवासी सेंटू सिंह (20 वर्ष), पतरातू के हेहल बड़काकाना निवासी अभय कुमार



सिंह उर्फ अमन सिंह (22 वर्ष) और दीपक मुंडा (20 वर्ष) शामिल हैं। यह जानकारी तोरपा के अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी खिस्टोफर केरकेट्टा ने रविवार को कर्रा थाना में आयोजित प्रेस कांफ्रेंस में दी। बैठक में उग्रवादियों द्वारा संगठन का विस्तार करने, लेवी वसूलने और ठेकेदारों के साइट पर फायरिंग कर दहशत फैलाने की योजना है। सूचना के सत्यापन और नक्सलियों की गिरफ्तारी के लिए तोरपा के एसडीपीओ के नेतृत्व में पुलिस टीम का गठन किया गया। टीम में तोरपा अंचल के पुलिस निरीक्षक अशोक कुमार सिंह, कर्रा के थाना प्रभारी मनीष कुमार, जरियागढ़ थाना प्रभारी राजू कुमार, रनिया के थाना प्रभारी विकास कुमार जायसवाल, कर्रा थाना के सब इंस्पेक्टर दीपक कांत कुमार के अलावा एसडीपीओ के अंगरक्षक और कर्रा थाना सशस्त्र बल के जवानों को शामिल किया गया। टीम से तकनीकी शाखा को जोड़ा गया। पुलिस ने शनिवार को रोंहे जंगल में छापामारी कर चारों और घेर कर पांच नक्सलियों को गिरफ्तार कर लिया। रविवार को ही गिरफ्तार नक्सलियों को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया।

**संगठन से जुड़ने के लिए बाइक और कपड़ों की लालच देता था सेंटू सिंह**

एसडीपीओ खिस्टोफर केरकेट्टा ने बताया कि अब पीएलएफआइ को स्थानीय स्तर पर कैडर नहीं मिल रहे हैं। इस कारण इसके शीर्ष नेता बाहर के युवकों को प्रलोभन देकर बुलाते हैं। उन्हें अच्छे कपड़े, बाइक, मोबाइल फोन आदि उपलब्ध कराकर संगठन के कामों में लगाया जाता है। इसका सरगना सेंटू सिंह है। एसडीपीओ ने दावा किया कि जल्द ही पीएलएफआइ नक्सलियों का सफाया कर दिया जायेगा। उन्होंने उग्रवादियों से अपील किया कि वे जल्द सरकार की नीतियों के तहत आत्मसमर्पण करें।


# निःशुल्क शिविर में 200 मरीजों के बीच दवा और फल का वितरण



आजाद सिपाही संवाददाता

**तमाड़।** पंजाबी हिंदू बिरादरी द्वारा तमाड़ के बरलंगा गांव में स्थित उच्च विद्यालय में निःशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। डॉक्टर अजय छाबड़ा, डॉक्टर उदीप लाल डॉक्टर जयकांत प्रसाद, डॉक्टर विजय कुमार, डॉक्टर विजयेता निर्मल, डॉक्टर निरंजना निशी आदि डाक्टरो ने ग्रामीणों का जांच किया। शिविर का आयोजन विकास मुंडा के सहयोग और समाजसेवी प्रदीप महतो के सौजन्य से किया गया। इस अवसर पर बिरादरी अध्यक्ष सुधीर उग्गल, राजेश मेहरा, राजेश खन्ना, चरणजीत मुंजाल, विनोद माकन, अरुण चावला, अशोक माकन, अजय सखूजा, अनुप वाधवा, सीमा उग्गल, मीनू मेहरा, बबिता खन्ना, वीणा माकन, कमलेश मुंजाल, पुनम माकन, अनिता सखूजा, पुनम सखूजा, किरण महतो आदि ने उपस्थित हुए। 200 मरीजों में निःशुल्क दवाएं और फल वितरित किया।

# आवासीय विद्यालयों में नामांकन के लिए प्रवेश परीक्षा शांतिपूर्ण संपन्न



आजाद सिपाही संवाददाता

**खूंटी।** शैक्षणिक सत्र 2025-26 के लिए एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालय, आश्रम विद्यालय और कल्याण विभाग द्वारा संचालित अन्य आवासीय उच्च विद्यालयों में नामांकन के लिए आयोजित प्रवेश परीक्षा रविवार को शांतिपूर्ण और सुव्यवस्थित तरीके से संपन्न हुई। परीक्षा का आयोजन बिरसा कॉलेज के बहुउद्देशीय भवन और बिरसा कॉलेज के ब्लॉक-ए में किया गया। उक्त विद्यालयों की कक्षा 6, 7 एवं 8 में नामांकन के लिए लगभग 1271 परीक्षार्थियों ने भाग लिया। परीक्षा केंद्रों पर परीक्षार्थियों की सुविधा और सुरक्षा के सभी आवश्यक इंतजाम किए गये थे। उपायुक्त लोकेश मिश्रा के दिशा-निदेर्शानुसार परीक्षा के निष्पक्ष एवं सुचारू संचालन के लिए सभी संबंधित पदाधिकारियों द्वारा समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की गयी थी। परीक्षा केंद्रों पर पर्याप्त सुरक्षा बल तैनात किए गए थे, जिससे परीक्षा पूर्ण अनुशासन और शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न हुई। परीक्षा के दौरान किसी प्रकार की अनुचित गतिविधि की कोई सूचना नहीं है। सभी परीक्षार्थियों ने नियमानुसार अपने प्रवेश पत्र एवं पहचान पत्र के साथ परीक्षा में भाग लिया।

# विधायक ने किया प्रोजेक्ट बालिका विद्यालय गौरांगकोचा की बाउंड्री का शिलान्यास

आजाद सिपाही संवाददाता

**ईचागढ़।** ईचागढ़ प्रखंड क्षेत्र के प्रोजेक्ट बालिका विद्यालय गौरांगकोचा में चारदीवारी निर्माण कार्य का विधायक सविता महतो ने नारियल फोड़कर और फीता काट कर रविवार को विधिवत शिलान्यास किया। लघु सिंचाई प्रमंडल सरायकेला द्वारा 29 लाख 27 हजार की लागत से चारदीवारी का निर्माण किया जायेगा। शिलान्यास कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक सविता महतो ने कहा कि लघु सिंचाई विभाग द्वारा 26,27,629 रूपये की प्राक्कलित राशि से चारदीवारी निर्माण कार्य किया जायेगा। उन्होंने कहा कि प्रोजेक्ट बालिका विद्यालय में चारदीवारी बनी जाने से बालिकाओं के



सुरक्षा के दृष्टिकोण से काफी अच्छा होगा। उन्होंने कहा कि विद्यालय प्रबंधन समिति एवं क्षेत्र के लोगों द्वारा चारदीवारी निर्माण का मांग किया गया था। लोगों की मांग को देखते हुए चारदीवारी निर्माण कार्य का शिलान्यास किया गया। उन्होंने संवेदक को गुणवत्तापूर्ण कार्य करने का निर्देश भी दिया। मौके पर झामुमो नेता काबलु महतो, डॉ भुषण चंद्र मुर्मू, सपन कुमार आदित्यदेव, निताई उरांव, मनोरंजन महतो, लाल माझी, खगेन महतो, सुभाष दत्ता आदि सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# आम्रेश्वर धाम प्रबंध समिति के खिलाफ दुष्प्रचार करने वालों के खिलाफ कारवाई करे प्रशासन

आजाद सिपाही संवाददाता

**खूंटी।** बाबा आम्रेश्वर धाम प्रबंध समिति के पदाधिकारियों की बैठक समिति के अध्यक्ष लाल ज्ञानेंद्र नाथ शाहदेव की अध्यक्षता में हुई, जिसमें सर्वसम्मति प्रस्ताव पारित किया गया कि पिछली बैठक में अध्यक्ष के आदेश से महामंत्री मनोज कुमार ने मेला मैदान का एकरारनामा किया है, वह समिति के नियम और पूरी तरह तर्कसंगत और विधि सम्मत है। इस निर्णय में समिति के सभी लोग एक मत हैं। बैठक में निर्णय लिया गया कि समिति के प्रस्ताव की प्रतिलिपि झारखंड राज्य हिंदू धार्मिक न्यास पर्षद के अध्यक्ष, जिले के उपायुक्त और पुलिस अधीक्षक को देकर समिति के विरुद्ध जो भी दुष्प्रचार सोशल मीडिया द्वारा किया जा रहा है, उस पर उचित कार्रवाई करने



का आग्रह किया गया। बैठक में कहा गया कि सोशल मीडिया में दुष्प्रचार कर समिति की छवि को धूमिल करने की कोशिश की गयी है, जो किसी भी स्थिति में सहने के लायक नहीं है। जिसे काम को काम समिति ने किया ही नहीं, उसे लोगों के बीच प्रचारित कर सामाजिक विद्वेष फैलाने की साजिश है। समिति इसकी कड़ी भर्त्सना करती है। बैठक में महामंत्री मनोज कुमार, रमेश मांझी, उपेंद्र कश्यप, संतोष पोद्दार, श्रीपाल चंद जैन, कैलाश भगत, महेंद्र कश्यप, महेंद्र प्रसाद भगत, महेंद्र अग्रवाल, दानियल मुंडा, जगदीश मिश्रा ,प्रेमचंद महतो, जगदीश नाग, आनंद वर्मा आदि मौजूद थे।

# देवदर्शन के लिए कराया गया नगर भ्रमण



आजाद सिपाही संवाददाता

**मैकलुस्कीगंज।** मैकलुस्कीगंज थाना परिसर में रुद्र महायज्ञ के तीसरे दिन यज्ञ शाला में आचार्य जयप्रकाश पांडे और यज्ञाचार्यों के मार्गदर्शन मे अन्नाधिवास, फलाधिवास, पुष्पाधिवास और अन्य वैदिक अनुष्ठान विधिपूर्वक संपन्न हुए। तत्पश्चात स्थापित होने वाले शिवलिंग, पार्वती, गणेश, कार्तिक, हनुमान, आदि मूर्ति के साथ भव्य नगर शोभा यात्रा निकाली गयी। शोभा यात्रा नगर भ्रमण करते हुए रेंज ऑफिस और झारखंड बाग स्थित मंदिर गयी। वहां से धुर्वा मोड़ होते लपरा शिव मंदिर बुध बाजार से पुनः मंदिर परिसर में शोभा यात्रा संपन्न हुई। शोभा यात्रा में बड़ी संख्या में आसपास के महिला पुरूष शामिल हुए। संध्या भज आरती,न-कीर्तन और मंत्रोच्चारण से वातावरण भक्तिमय बना रहा। महायज्ञ के अंतिम दिन सोमवार को प्राण प्रतिष्ठा, शिव विवाह, हवन, पूणार्हुति और भंडारे के साथ यज्ञ का समापन होगा। शोभायात्रा में उदय सिंह, जितेंद्र नाथ पांडे, विजय गुप्ता, कुलदीप साहू, लपरा मुखिया पुतुल देवी, मायापुर मुखिया पुष्पा खलको, रमेश गुप्ता, हरि रजक, रूपेश चौरसिया, आशीष चौरसिया, रेशम देवी, मंजू देवी, सीमा देवी, पुन्नी देवी सहित सैकड़ों श्रद्धालु शामिल हुए।

# खूंटी में एक अप्रैल को निकलेगी महापर्व सरहुल की शोभायात्रा



आजाद सिपाही संवाददाता

**खूंटी।** जनजातियों का महापर्व सरहुल एक अप्रैल को हर्षोल्लास के साथ मनाया जाएगा। उस दिन सुबह पूजा-अर्चना के बाद दोपहर में गाजा-बाजा के साथ खूंटी में सरहुल शोभायात्रा निकाली जाएगी। इस दौरान सभी लोग. अपने घर-आंगनों, पूजा-स्थलों एवं चौक-चौराहों मे सरना झंडा लगायेंगे। सिलादोन के कोलाद में रविवार को सरना धर्म सोताःरू समिति का शाखा स्थापना दिवस सह सरना धर्म प्रार्थना सभा आयोजित किया गया। मंगरा पाहन और साधो मुंडा की अगुवाई में अनुयायियों के साथ सरना स्थल में भगवान सिंङबोंगा की पूजा-अर्चना कर सुख, शांति और खुशहाली की कामना की गई। इस अवसर पर धर्मगुरु बुधराम सिंह मुंडा ने कहा कि प्रकृति महापर्व सरहुल के लिए एक अप्रैल दिन मंगलवार को सरकारी अवकाश है। उसी दिन अपने-अपने क्षेत्रों में हर्षोल्लास के साथ सरहुल मनाया जाएगा और दोपहर को गाजे-बाजे के साथ शोभायात्रा निकाली जाएगी, ताकि अलग-थलग हुए सरना धर्मावलंबियों के धार्मिक-सामाजिक अस्तित्व एवं अस्मिता को सुसंगठित किया जा सके। दुर्गा कच्छप ने कहा कि सरना विश्व का सबसे पुराना धर्म है जो प्रकृति आधारित है। अब सरना धर्म कोड के लिए करो या मरो के तर्ज पर राष्ट्रीय परिप्रेक्ष्य में जोरदार आंदोलन किया जा रहा है ताकि हर हालत में सरना धर्म कोड जनगणना परिपत्र में आवंटित हो। मौके पर डॉ सीताराम मुंडा, धर्मगुरु सोमा कंडीर, धर्मगुरु बगरय मुंडा, धर्मगुरु भैयाराम ओड़ेया, धीरजू मुंडा, सुगना पहान, टूटी ओड़ेया, सनिका मुंडा, कोलाय ओड़ेया, बंटी ओड़ेया आदि मौजूद थे। कार्यक्रम में खूंटी, रांची, मुरहू, बंदगांव, अड़की, तपकरा, रनिया, गुमला तथा आसपास के गांवों के सरना धर्मावलंबी शामिल हुए।

# खलारी पुलिस ने अवैध बालू लदे चार ट्रैक्टर को किया जब्त



**खलारी (आजाद सिपाही)।** खलारी अंचल अधिकारी एवं खलारी पुलिस के सहयोग से अवैध बालू लदे चार ट्रैक्टर को जब्त किया है। खलारी अंचल और पुलिस को मिले गुप्त सूचना के आधार पर अवैध माइनिंग एव भंडारण के रोकथाम के लिए छापेमारी की गयी। छापेमारी के क्रम में खलारी थाना अंतर्गत बड़कीटाड पंचायत सचिवालय के समीप बिना परिवहन चालान के बालू लेकर जा रहे चार ट्रैक्टर को पुलिस ने जब्त किया गया है। पुलिस ने चारो ट्रैक्टर को जब्त कर खलारी थाना परिसर में रखा गया है। ज्ञात हो कि खलारी क्षेत्र के चुरी, सपही, दामोदर नदी से बड़े पैमाने पर चोरी चुपके बालू की अवैध कारोबार चल रहा है जिसकी सूचना मिलने पर पुलिस ने यह कारवाई की है।



बुंडू के आजाद सिपाही के संवाददाता रोहित राम के भाई सूरज कुमार और अनु कुमारी की शादी के रिसेप्शन पार्टी में आजसू के वरीय नेता राम दुर्लभ सिंह मुंडा और आजाद सिपाही परिवार के द्वारा विवाह मंडप पर पहुंचकर वर वधु को आशीर्वाद दिया साथ ही सुखद जीवन की कामना की।

# सिल्ली में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस मना

**मुरी (आजाद सिपाही)।** सिल्ली की महिलाओं ने आजसू सुप्रीमो सुदेश महतो के साथ महिला दिवस मनाया। उनके स्वागत में कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय के बच्चों ने स्वागत गीत और नृत्य किया। महतो ने संबोधित करते हुए कहा कि का दिन का ये महत्व है की व्यवस्था में बैठे लोग ऐसी नीतियां बनायें, ऐसे उपाय निकालें और ऐसे विचारधारा पर काम करें की महिलाओं को उसका अधिकार मिल सके। हजारो वर्षों बाद भी महिला विकास और महिला सशक्तिकरण पुरुष प्रधान समाज में एक ज्वलंत समस्या के रूप में मौजूद है। प्रखंड प्रमुख जितेंद्र बड़ाइक, उप प्रमुख आरती देवी, जिला परिषद उपाध्यक्ष बीना देवी चौधरी, मुखिया शर्मिला कुमारी, चंचला देवी, शीला साहू समेत काफी संख्या में महिला जनप्रतिनिधि शामिल हुए।

# सिकिदिरी मैदान में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस मनाया गया



आजाद सिपाही संवाददाता

**सिकिदिरी।** अनगड़ा प्रखंड के सिकिदिरी बैंक मैदान में हरातु और हेसातु पंचायत के संयुक्त तत्वावधान में आजसू पार्टी महिला प्रखंड अध्यक्ष किरण देवी की अगुवाई में महिला दिवस मनाया गया। कार्यक्रम में मुख्य के रूप में जिला परिषद सदस्य अनगड़ा पश्चिमी अनुराधा मुण्डा एवं विशिष्ट अतिथि आजसू पार्टी पूर्व प्रत्याशी पारसनाथ उरांव थे। मुख्य अतिथि ने अपने संबोधन में कहा महिला दिवस समाज में महिलाओं द्वारा किये गये उनके प्रतिभा को सम्मान देने का दिन है। इस मौके पर महिलाओं को आत्मनिर्भर होने का गुण बताया गया ताकि हर महिलाएं समाज में बढ़ चढ़कर सामाजिक सेवा कार्यों में हिस्सा ले और अपने समाज के विकास सम्बंधित कार्यों में बहुमूल्य योगदान दे पाये। इस अवसर पर होली मिलन समारोह का भी आयोजन हुआ। जिसमें सभी नें एक दुसरे को अबीर गुलाल लगाकर होली की बधाई दी। संचालन रितिका देवी एवं श्रीधर रजवार ने किया। मौके पर जिल, मुखिया राजेंद्र बेदिया, पंसस नवागढ़ फाल्गुनी शाही, आजसू पार्टी प्रखंड अध्यक्ष जगरनाथ महतो, पूर्व मुखिया राजेश पहान, बलराज बेदिया, कार्यक्रम अध्यक्ष किरण देवी, काजल देवी, पूनम देवी,बेबी देवी, प्रवित्रा देवी, बेबीमाला देवी,अगम देवी, शीला देवी, संजू सिंह, रूप कुमारी, अनीता देवी, इंदु देवी, काजल विश्वकर्मा, बॉबी देवी, निशा कुमारी, सुनीता देवी,रितिका देवी, नीलम कुमारी आदि सैकड़ों महिला मौजूद रहे।

## पिपरवार में हुई झारखंड कोलियरी मजदूर यूनियन की बैठक

# मजदूरों की समस्या को लेकर प्रबंधन को ज्ञापन सौंपने का लिया गया निर्णय

आजाद सिपाही संवाददाता

**पिपरवार।** सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के बचरा पंचवटी सभागार मे रविवार को झारखंड कोलियरी मजदूर यूनियन की एक आवश्यक बैठक संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता मुख्य संयोजक इकबाल हुसैन एवं संचालन अनिल राम ने किया। बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में यूनियन के जोनल उपाध्यक्ष राजकुमार महतो, सैनाथ गंझु एवं विशिष्ट अतिथि में रामचंद्र उरांव और जेपी महाराज शामिल हुए। बैठक में पिपरवार क्षेत्र के संगठित एवं असंगठित मजदूरों की कई ज्वलंत समस्याओं पर विचार विमर्श किया गया। बैठक में यूनियन को मजबूत बनाने, सदस्यता अभियान चलाने पर चर्चा की गयी। सर्वसम्मति से मजदूरों की विभिन्न समस्याओं से संबंधित मांग पत्र स्थानीय पिपरवार एरिया प्रबंधन को सौंपने का निर्णय लिया गया। बैठक में असंगठित मजदूरों के हाई पावर कमेटी की अनुशंसा को लागू करने, समय पर वेतन का भुगतान करने, बोनस का भुगतान करने, मेडिकल सुविधा देने, मजदूरों की छटनी बंद करने, स्थानीय लोगों को निजी कंपनियों में शत-प्रतिशत बहाली करने की मांग की गयी। वही संगठित मजदूरों को समय पर प्रमोशन देने,आवास आवंटन, आवास मरम्मत, आरक्षण, रोस्टर, प्रदूषण पर रोकथाम, चिकित्सा सुविधा, अस्पताल के मूलभूत समस्या का समाधान करने,शुद्ध पेयजल, खदानों का विस्तारीकरण, अशोका वेस्ट नयी कोल परियोजना को जल्द चालू करने, भूमिगत खदान को जल्द चालू करने, रैयत विस्थापितो के लंबित नौकरी, मुआवजा, पूर्नवास, सीएसआर, डीएमएफटी फंड से विकास कार्य कराने सहित अन्य कई मांगों पर चर्चा की गयी। बैठक में यूनियन का क्षेत्रीय समिति का गठन करने का भी निर्णय लिया गया। बैठक मे मुख्य रूप से जाहिद अली, चंद्र टाना भगत, रघुनाथ प्रजापति, इलियास टाना भगत, दिलीप कुमार, राजेश महतो, कामेश्वर गंझु, सूरज मंड़ल, दिरपाल उंराव सहित काफी संख्या में लोग मौजूद थे।

# विधायक सुरैश बेठा ने राय पंचायत निवासी मोहम्मद रजा को बनाया कार्यालय प्रभारी

**पिपरवार (आजाद सिपाही)।** खलारी थाना क्षेत्र के राय पंचायत निवासी मोहम्मद रजा को कांके विधायक सुरेश बैठा ने जोनल कार्यालय पूर्वी मंडल राय खलारी का कार्यालय प्रभारी बनाया है। इस अवसर पर विधायक सुरेश बैठा ने मोहम्मद रजा को पत्र देकर उन्हें यह जिम्मेवारी सौंपी है। कांग्रेस पार्टी के प्रति उनके बेहतर कार्य को देखते हुए विधायक सुरैश बैठा ने उन्हे यह जिम्मेवारी सौंपी है। मोहम्मद रजा राय अंजुमन के सदर जुल्फिकार अली के पुत्र हैं। इस संबंध में मोहम्मद रजा ने कहा कि कांग्रेस पार्टी के प्रति मेरे बेहतर कार्य को देखते हुए कांके विधानसभा क्षेत्र के विधायक सुरेश बैठा ने जो जिम्मेदारी उन्हें दी है उन्हें वह पूरी इमानदारी और निष्ठापूर्वक निभाने का काम करेंगे। कार्यालय प्रभारी एक बड़ी जिम्मेदारी होती है, जिसे वह ईमानदारी के से पुरा करते हुए पार्टी को मजबूती प्रदान करने का काम करेगे। इधर मोहम्मद रजा को कार्यालय प्रभारी बनाये जाने पर कोयलांचल क्षेत्र के कई लोगों ने उन्हें बधाई दी है।

# भोगराइ के पूर्व विधायक अनंत दास का निधन



**भुवनेश्वर (आजाद सिपाही)।** भोगराइ के पूर्व विधायक अनंत दास का भुवनेश्वर में रविवार को निधन हो गया। वह भोगराइ के लगातार चार बार विधायक थे। 2014 में वे दो विभागों के मंत्री बने। विधायक बनने से पहले वह नवकलेबर के दौरान पुरी में तहसीलदार और एडीएम भी थे। उनका जन्म 28 अगस्त 1940 को बालेश्वर जिले के भोगराइ ब्लॉक के कुरुठीया में हुआ था। उनके निधन से विधानसभा क्षेत्र और पार्टी कार्यकर्ताओं के बीच शोक का माहौल है। उनके शव पर वाचस्पति सुरुमा पाढ़ी ने पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। कांग्रेस विधायक दल के नेता रामचंद्र काड़ाम, बीजद विधायक प्रताप देव, अनंत नारायण जेना, राजेंद्र ढोलकिया प्रमुख ने भी श्रद्धांजलि अर्पित की। मुख्यमंत्री मोहन माझी, विपक्ष के नेता नवीन पटनायक और पीसीसी अध्यक्ष भक्तचरण दास ने पूर्व विधायक के निधन पर दुख व्यक्त किया है।

# हाइवा की चपेट में आने से दंपती की मौत

**भुवनेश्वर (आजाद सिपाही)।** तालचेर के कढ़ाल पेट्रोल पंप के पास रविवार को हाइवा की चपेट में आने से बाइक सवार दंपती की मौत हो गयी। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की।

# समाज के विकास के लिए शिक्षा और सामाजिक समरसता जरूरी: प्रदीप केसरी

- धुर्वा केसरी समाज के नयी कमेटी का गठन, राजेंद्र केसरी अध्यक्ष और अभय केसरी बने महामंत्री




आजाद सिपाही संवाददाता

**पिस्कानगडी।** धुर्वा केसरी समाज के तत्वाधान में पुराना विधानसभा क्लब में रविवार को होली मिलन समारोह के आयोजन के साथ ही नई कमेटी का गठन किया गया। इसमें धुर्वा केसरी समाज के अध्यक्ष प्रदीप केसरी और महामंत्री राधेश्याम केसरी की अगुवाई में केसर गीत गायन कर महर्षि कश्यप मुनि के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित किया। इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि समाज के विकास के लिए शिक्षा और सामाजिक समरसता बहुत जरूरी है। हमें आपसी सहमति बनाकर केसरवानी वैश्य समाज को प्रगति के मार्ग की ओर ले जायेंगें। दूसरी ओर, धुर्वा केसरी समाज के वर्तमान कमेटी के दो कार्यकाल सफलता पूर्वक पूर्ण होने पर रांची जिला कमेटी से चुनाव कराने की मांग की गई थी। इस मौके पर जिला कमेटी से चुनाव प्रभारी मनीष केशरी, प्रो प्रेम सागर केसरी ने नियमों का पालन करते हुए सर्वसहमति से नई कमेटी के गठन की घोषणा की। जिसमें अध्यक्ष राजेंद्र केसरी, महामंत्री अभय केसरी और कोषाध्यक्ष संजय केसरी का चयन किया गया। इसके अलावा एक-दूसरे को अबीर-गुलाल लगाकर होली की बधाई दी। मौके पर ज़िला केसरवानी वैश्य सभा के वरीय संरक्षक तपेसर केसरी, शिवकुमार केसरी, राजेंद्र केसरी खुला विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ त्रिवेणी नाथ साहू, प्रो प्रेम सागर, केसरी रांची जिला केसरवानी वैश्य सभा के महामंत्री मनीष केसरी, मोहन साहू, संजय केसरी, राजेंद्र केसरी, अभय केसरी, किशोर कुमार केसरी, राम केसरी, अनिल केसरी, दीपक केसरी, अमरनाथ केसरी, विनोद केसरी, अनिल केसरी, सुधांशु केसरी, शुभम केसरी, सौरभ केसरी, दिनेश प्रसाद केसरी, गीता केसरी, अंजना केसरी, गीता कुमारी केसरी, मीरा देवी, रंजना केसरी, रिंकी केसरी, पूनम केसरी, सुनीता केसरी आदि उपस्थित रहे।

**त्योहार :** शांति समिति की बैठक में सौहार्द्रपूर्ण होली मनाने की अपील

# अफवाह फैलाने और हुड़दंग करने वालों पर रहेगी पुलिस की कड़ी नजर : मनोज

आजाद सिपाही संवाददाता

**नामकुम।** होली त्योहार को शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण माहौल में मनाने के उद्देश्य से रविवार की शाम नामकुम थाना परिसर में शांति समिति की बैठक हुई। जिसकी अध्यक्षता थाना प्रभारी मनोज कुमार ने की। बैठक में थाना प्रभारी ने सभी नागरिकों से शांति और भाईचारे के साथ होली मनाने की अपील की। उन्होंने स्पष्ट किया कि अफवाह फैलाने वालों और हुड़दंग करने वालों पर पुलिस की कड़ी नजर रहेगी। किसी भी तरह की गड़बड़ी करने वालों पर तुरंत कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने जनप्रतिनिधियों और समाजसेवियों से शांति बनाए रखने में सहयोग करने का आग्रह किया। धार्मिक स्थलों पर रंग ना डालने और शराबबंदी का सख्ती से पालन करने की अपील की गई। सभी ने मिलकर शांति और सद्भाव के साथ होली मनाने का संकल्प लिया और पुलिस प्रशासन को पूर्ण सहयोग देने की बात कही। बैठक में प्रखंड प्रमुख आशा कच्छप, जिप सदस्य रीता होरो, सांसद प्रतिनिधि प्रमोद सिंह, मनोज सिंह, अशोक मुंडा, समीर राय, गोपाल लोहिया, इंद्ररानी राय, नवीन सोनी, अनील वर्मा, रमेश पांडेय, मीनू सिंह, सोहराई पाहन, प्रभाष झा, रंजीत बड़ाईक, किरण सांगा, कविता सांगा, बिरसा पाहन, माधो कच्छप आदि उपस्थित रहे।



शांति समिति की बैठक में लोगों से आपसी भाइचारे के साथ त्योहार मनाने की अपील करते पुलिस के अधिकारी

# झारखंड कुरमी महासभा : जिला कमेटी का पुनर्गठन, ज्योतिष महतो बनाये गये जिलाध्यक्ष



**अनगड़ा (आजाद सिपाही)।** झारखंड कुरमी महासभा रांची जिला इकाई के पुनर्गठन को लेकर रविवार को हेसल पंचायत के मासू गांव में बैठक हुई। जिसकी अध्यक्षता बालकुंवर महतो ने किया। इसमें मुख्य अतिथि के रूप में झारखंड कुरमी महासभा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष बृजकिशोर गांधी, विशिष्ट अतिथि कुमेश्वर महतो (प्रदेश अध्यक्ष), कारीनाथ महतो (प्रदेश महासचिव), सुरेंद्र कुमार महतो (प्रदेश कोषाध्यक्ष), रणधीर कुमार चौधरी अध्यक्ष (कुवि परिषद) एवं विमला देवी (प्रदेश महिला कोषाध्यक्ष) शामिल हए। इसके अलावा प्रदेश उपाध्यक्ष मोहन महतो, प्रदेश संयुक्त सचिव रामलाल महतो, कार्यकारिणी सदस्य मुनेश्वर महतो, चुनाव प्रभारी कौलेश्वर महतो एवं भुनेश्वर महतो, साहेब गंज जिला अध्यक्ष प्रेमलाल मंडल, प्रदेश प्रवक्ता आतिश महतो आदि भी मौजूद रहे। बैठक में झारखंड कुरमी महासभा की रांची जिला कमेटी के पुनर्गठन को लेकर चुनाव कराया गया। जिसमें जिलाध्यक्ष के रुप में ज्योतिष कुमार महतो, जिला महासचिव सकल नाथ महतो, जिला कोषाध्यक्ष सोनालाल महतो, युवा अध्यक्ष वीरेंद्र कुमार महतो एवं महिला अध्यक्ष श्रीमती सरोज देवी निर्विरोध निर्वाचित हुए। इसके साथ ही अनगड़ा प्रखंड समिति का भी पुनर्गठन किया गया। जिसमें प्रखंड अध्यक्ष साहेबराम महतो, प्रखंड महासचिव मूलू महतो, प्रखंड कोषाध्यक्ष बैजनाथ महतो, युवा अध्यक्ष वीरेंद्र महतो, महिला अध्यक्ष ज्योति देवी, महासचिव उषा देवी, कोषाध्यक्ष ललिता देवी, नामकुम प्रखंड प्रभारी दिलीप कुमार महतो, प्रखंड प्रभारी रजत महतो एवं उप प्रभारी खुशी लाल महतो चुने गए। इस अवसर पर फगुवा मिलन समारोह का भी आयोजन किया गया। कार्यक्रम में सभी ने एक दूसरे को अबीर-गुलाल लगाकर फगुवा पर्व की बधाई दी। वहीं, कार्यक्रम को सफल बनाने में जगरनाथ महतो, बृजलाल महतो, रामनाथ महतो, राज किशोर महतो, राजेश महतो, संजय महतो, अमर महतो, तीजन देवी, जीरा देवी, सुनीता देवी, मुनकी देवी, सावित्री देवी, बैजनाथ महतो, गोपाल महतो, रामलाल महतो, मोहन महतो, समलनाथ महतो, बाबूलाल महतो, मंजू देवी आदि का योगदान रहा। संचालन बृजलाल महतो ने किया।

# सरहुल त्योहार मनाने को लेकर नामकुम में बैठक



**नामकुम (आजाद सिपाही)।** सरहुल पर्व धूमधाम से मनाने की तैयारियों को लेकर रविवार को भारतीय रोल गोद संस्थान के समीप सरहुल पूजा समिति की बैठक हुई। जिसकी अध्यक्षता बिरसा पाहन ने की। इसमें निर्णय लिया गया कि एक अप्रैल को सरहुल पर्व पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ मनाया जाएगा। बिरसा पाहन ने कहा कि यह पर्व हमारी संस्कृति से जुड़ा है। इसलिए इसे पूरी भव्यता के साथ मनाने की तैयारी की जाएगी। उन्होंने नामकुम प्रखंड के सभी गांवों में स्थित सरना स्थलों की सफाई और सजावट करने का निर्णय लिया। साथ ही सरहुल ताड़ में आने वाली सभी खोड़ा टीमों को पारंपरिक वेशभूषा में समय पर पहुंचने का निर्देश दिया गया। समिति की ओर से सरना समाज के सभी घरों में सरना झंडा लगाने का भी निर्णय लिया गया। इस दौरान 2025 के सरहुल पूजा समिति का गठन किया गया, जिसमें मुख्य संरक्षक सीता लकड़ा, शनिचरवा लकड़ा, संरक्षक किरण सांगा, मुन्ना बड़ाइक, आरती कुजूर, रामअवतार केरकेट्टा, कविता सांगा, अध्यक्ष बिरसा पाहन, उपाध्यक्ष सोनल कच्छप, आकाश सांगा, सुबोध मुंडा, सचिव बादल सांगा, अशोक मुंडा, महासचिव बिपिन टोप्पो, कोषाध्यक्ष दुर्गा कौरियार, मीडिया प्रभारी सुनील मुंडा, मुख्य पाहन एतवा पाहन, भुरका पाहन का चयन किया गया। इस मौके पर सुषमा मुंडा, आरपी सिंह, अनिता तिर्की, रमन बड़ाइक, मोहित सांगा, राजेश सांगा, रवि महतो, बिक्कू सिंह, विनोद उरांव, स्वाति टोप्पो, शीला टोप्पो, मनोज प्रमाणिक, आशा सांगा, कार्तिक मुंडा, हरी मुंडा, भीम मुंडा और विनिता टोप्पो आदि उपस्थित रहे।

# विधायक राजेश कच्छप से मिले मुखिया संघ के प्रतिनिधि, खिजरी की समस्याओं से कराया अवगत

**ओरमांझी (आजाद सिपाही)।** मुखिया संघ के अध्यक्ष दीपकबड़ाईक की अगुवाई में रविवार को एक प्रतिनिधिदल विधायक राजेश कच्छप से मिला और प्रखंड की विभिन्न समस्याओं से उन्हें अवगत कराया। जिला परिषद फंड से निर्मित ओरमांझी पंचायत में बने मार्केट कॉम्पलेक्स जिला परिषद द्वारा दुकान आवंटन का नियम की विसंगति बताया। सभी मुखियाओं ने ने विधायक से पंचायत को राज्य वित्तीय का फंड दिलाने का भी आग्रह किया। इस पर विधायक ने मार्केट काम्प्लेक्स के बारे सुझाव दिया कि ग्राम सभा और ग्राम पंचायत की सहमति के बिना विकास का कोई भी काम न्यायोचित नहीं है। मुखिया के राज्य फण्ड के बारे कहा कि आने वाले सत्र में अपनी बातों को रखेंगें. मौके पर मुखिया रमेश बेदया, शिवनाथ मुंडा, अनीता लिंडा, सीमा तिर्की, दशमी देवी, पूर्व मुखिया मीना देवी आदि उपस्थित थे।



# शांति से होली का त्योहार मनायें : वीरेंद्र सोनी

लापुंग के साईं मंदिर परिसर में होली मिलन समारोह आयोजित

**लापुंग (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के साईं मंदिर परिसर में लापुंग विश्व हिंदू परिषद के बैनर तले रविवार को होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें फगुआ गीत गाया गया। लगो ढोल नगाड़ा की थाप पर झूम उठे। साथ ही एक-दूसरे को अबीर-गुलाल लगाकर होली की बधाई दी। इसमें मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित पूर्व खूंटी जिला मंत्री वीरेंद्र सोनी ने कहा कि जात-पात से ऊपर उठकर होली का त्योहार मनाए। गिले-शिकवे भूलकर एक-दूसरे को रंग-गुलाल लगाकर रंगों का त्योहार मनायें। वहीं, थाना प्रभारी संतोष कुमार यादव ने कहा कि होली आपसी भाईचारे को बढ़ावा देता है। ढोल नगाड़े और मांदर की थाप से अपने क्षेत्रीय नागपुरी फगुआ गीत से लोग अपनी परंपरा को बनाए रखें हुए है। इस मौके पर श्याम लाल सिंह, नारायण शेखर सिंह, नरेश लोहारा, संजय कुमार महतो, कालेश्वर दास, मनोज मिस्त्री, नंदलाल शेखर सिंह, विपिन और रविन्द्र आदि ने लोगों को झुमाया। वहीं, कार्यक्रम को सफल बनाने में विहिप मंत्री समीर गुप्ता, संरक्षक नंदलाल साहू, अनिल साहू, वीरेंद्र साहू, कार्यकारी अध्यक्ष रामप्रसाद साहू, सचिन राय, जन्मेजय पाठक, अजय राम, किश्वर साहू आदि का सराहनीय योगदान रहा।



# रामदेव सिंह बने विधायक प्रतिनिधि



नामकुम (आजाद सिपाही)। कांके विधायक सुरेश बैठा ने टाटीसिलवे महिलौंग निवासी रामदेव सिंह को कांके प्रखंड के श्रम रोजगार प्रशिक्षण एवं कौशल विभाग का विधायक प्रतिनिधि नियुक्त किया है। इस अवसर पर रामदेव सिंह ने कहा कि वे कांके प्रखंड के श्रमिकों, बेरोजगारों और युवाओं के कौशल विकास के लिए पूरी निष्ठा से कार्य करेंगे। उन्होंने विश्वास जताया कि वे अपने पद की जिम्मेदारियों को पूरी ईमानदारी और समर्पण के साथ निभाएंगे। कहा कि जनता से जुड़कर उनकी समस्याओं का समाधान करने का हरसंभव प्रयास करेंगे। उन्होंने सभी से सहयोग की अपील की, ताकि श्रम रोजगार और कौशल विकास योजनाओं का अधिक से अधिक लोगों को लाभ मिल सके। इस मौके पर पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोधकांत सहाय, खिजरी विधायक राजेश कच्छप, महिला कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष गुंजन सिंह समेत कई वरिष्ठ कांग्रेस नेताओं ने रामदेव सिंह को बधाई दी और उनके सफल कार्यकाल की कामना की।

# 73 वर्षीय वृद्ध लापता, थाने में सनहा दर्ज

**अनगड़ा (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र के साल्हन ग्राम निवासी कैलाश महतो (73) पिछले तीन दिनों से लापता हैं। बताया गया कि वे गत छह मार्च की दोपहर साइकिल से गोंदलीपोखर बाजार जाने की बात कह कर घर से निकले थे। उसके बाद से घर वापस नहीं लौटे हैं। इस बीच परिजनों ने उनकी काफी खोजबीन की पर अभी तक उनका कोई पता नहीं चल पाया है। इस संबंध में कैलाश के बेटे दिलेश्वर महतो ने अनगड़ा थाना में गुमशुदगी का सन्हा दर्ज कराया है।



# समर्पण दीप बीएड कॉलेज ने मनाया अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस

**रातू (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के ऊषामातु स्थित समर्पण दीप बीएड कॉलेज में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस मनाया गया। इसकी शुरूआत प्रबंधन समिति के सदस्य जितेंद्र प्रसाद और प्राचार्य डॉ दशरथ महतो ने दीप प्रज्वलित कर किया। स्कूल के सचिव नवल किशोर गुप्ता ने महिलाओं की अधिकारों और उपलब्धियों से प्रशिक्षुओं को रूबरू कराया। वहीं, प्राचार्य डॉ दशरथ महतो ने भी महिला दिवस के उद्देश्य से प्रशिक्षुओं को अवगत कराया। सत्र 2024-26 की प्रशिक्षु हन्नी ने एकल गीत की प्रस्तुति दी तो प्रिसिला एवं ग्रुप ने समूह नृत्य की प्रस्तुति दी। धन्यवाद ज्ञापन डॉ शशि कुमारी तिर्की और मंच संचालन नेहा तिर्की और जीत राज ने किया। मौके पर कॉलेज के चेयरमैन अभिषेक सिंह, सचिव नवल किशोर गुप्ता, विकास पोद्दार, जितेंद्र प्रसाद, विशाल सिंह, शैलेंद्र सिंह, सहायक प्राध्यापक डॉ शशि कुमारी आदि उपस्थित रहे।

**प्राण प्रतिष्ठा :** नगर भ्रमण पर निकली मां दुर्गा, उमड़ा आस्था का जन सैलाब

# बच्चे देश की धरोहर हैं, इन्हें संस्कारयुक्त शिक्षा दें : रश्मि किशोरी

आजाद सिपाही संवाददाता



**बेड़ो।** महादानी मंदिर परिसर में ग्रामीणों की ओर से नवनिर्मित दशभुजी मां देवी दुर्गा देवी मंदिर के 11 दिवसीय प्राण प्रतिष्ठा सह शतचंडी महायज्ञ महोत्सव के नौवें दिन रविवार को मां दुर्गा की प्रतिमा का नगर भ्रमण कराया गया। इस दौरान आस्था का सैलाब उमड़ पड़ा। मां दुर्गा की प्रतिमा से सुसज्जित गाड़ी पर बैठाकर पूरे प्रखंड मुख्यालय की परिक्रमा कराई गई। बड़ी संख्या में शामिल श्रद्धालुओं ने मां के जयकारे के साथ नगर की परिक्रमा की। रास्ते भर महिला और पुरुष श्रद्धालु ढोल, नगाड़े एवं भक्ति जागरण की थाप पर झूमते रहे। प्रतिमा महादानी मंदिर परिसर से महावीर चौक, बाजार टांड़ देवी मंडप चौक, बस्ती होते हुए वापस मंदिर पहुंची। इसके पहले विभिन्न मंदिरों मे मां की प्रतिमा का पूजा-अर्चना की गई। भ्रमण के बाद मां की प्रतिमा को मंदिर में स्थापित किया गया। सोमवार को प्रातःकाल से आदि शक्ति मां जगदंबा की मूर्ति की स्थापना के लिए धार्मिक अनुष्ठान शुरू होगा। वहीं, नगर भ्रमण कार्यक्रम में जितेंद्र पाठक, अशोक पंडा, सोनू पंडा, पूर्व विधायक गंगोत्री कुजूर, भाजपा नेता रामनारायण भगत, भोगेन सोरेन, हिंदू जागरण मंच के प्रदेश महामंत्री वाणी कुमार राय, यमुना सिंह, सौमित्र शर्मा, मुकेश कुमार राय, महावीर गोप, दशरथ गोप, पंकज गुप्ता, थाना प्रभारी देव प्रताप प्राधान सहित ग्रामीण हाथों में पताका लिए जयघोष करते चल रहे थे। वहीं धार्मिक अनुष्ठान यज्ञाचार्य अंचल पाठक, मृत्यंजय पाठक, विकास पाठक,नरोत्तम पांडेय, भरतेन्दु द्विवेदी, ध्रुव मिश्रा, आशुतोष पांडेय और सोनू पांडेय की अगुवाई में बतौर मुख्य यजमान साधन कुमार राय सपत्नी लखी राय, राजेंद्र साहू अनिता देवी, सुदामा वर्मा संगीता देवी आदि ने पूरा किया। शाम में वृंदावन की कथा व्यास रश्मि किशोरी ने भागवत एवं मानस जैसे ग्रन्थों को साक्षात शिक्षा का संस्थान कहा। उन्होंने कहा कि शिक्षा और संस्कार दोनों की जरूरत मनुष्य जीवन को होती है। उन्होंने कहा कि आज का व्यक्ति शिक्षित तो है, लेकिन संस्कारी नहीं है। उसका कारण यही है कि हमने भागवत और मानस जैसे ग्रंथों को पढ़ना बंद कर दिया। पहले घर में राम और कृष्ण कथा गाई जाती थी, जिससे राम के संस्कार और कृष्ण की शिक्षा दोनों से ही जीवन चलाने की कला हमें प्राप्त होती थी। भागवत और रामायण को पढ़ने के साथ-साथ जीवन में धारण करने की आवश्यकता है। कहा कि यदि संस्कार चाहिए तो माता-पिता का भी कर्तव्य है कि अपने बच्चों को बड़ों का आदर करने की शिक्षा दें। जिससे हमारे समाज में शिक्षा-संस्कार की कमी ना होने पाए। कहा कि आज की शिक्षा केवल पेट पालने और नौकरी करने मात्र तक रह गई है। शिक्षा पद्धति केवल पैसा कमाना ही रह गया है। बच्चों को संस्कार नहीं मिल रहा। बच्चे हमारे देश की धरोहर हैं, इन्हें संस्कारयुक्त शिक्षा दें। माता-पिता भी अपने बच्चों को संस्कार ना देकर केवल बड़े-बड़े स्कूलों में नामांकन करा अपना कर्तव्य समझ रहे हैं। बच्चे बड़े होकर अपने माता-पिता को छोड़ कहीं दूर चले जा रहे हैं। बच्चों में जो संस्कार होना चाहिए, वह नहीं हो रहा है। आज के समय में जरूरत है बच्चों के अंदर सबसे पहले संस्कृति और संस्कार दिया जाए। इधर मंदिर परिसर में बेड़ो भाजपा मंडल के मंडल अध्यक्ष बलराम सिंह, राजीव रंजन अधिकारी, आदित्य साहू, गणेश महथा आदि ने पेयजल-चाय का वितरण किया।

# नवनिर्मित हनुमान मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा को लेकर निकली भव्य कलश यात्रा, शामिल हुए संजय सेठ



**बुढ़मू (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के ग्राम नाऊज में नवनिर्मित हनुमान मंदिर के तीन दिवसीय प्राण प्रतिष्ठा यज्ञ का शुभारंभ रविवार को भव्य कलश यात्रा के साथ हुआ। इसमें बतौर मुख्य अतिथि के रूप में केंद्रीय रक्षा राज्यमंत्री संजय सेठ, पूर्व सांसद रामटहल चौधरी, स्वामी देवेन्द्र प्रकाश, कमलेश राम, प्रमुख सत्यनारायण मुंडा, जिप सदस्य पश्चिमी रामजीत गंझू, पूर्व जिप उपाध्यक्षा पार्वती देवी, समाजसेवी सतीश कुमार, उप प्रमुख हरदेव साहू, मुखिया अनूपा उरांव आदि शामिल हुए और कलश का वितरण कर यात्रा का शुभारंभ किया। उधर, कलश यात्रा मंदिर परिसर से निकली, जिसमें शामिल 351 महिलाओं ने सिर पर कलश लेकर नगर भ्रमण करते हुए उत्तरवाहिनी भूर नदी से जल ग्रहण करते हुए पुनः मंदिर प्रांगण में पहुंचाया। यज्ञ मंडप में कलश स्थापना के बाद पंडित आचार्य रुद्र नाथ मिश्रा, पंडित चंद्रशेखर मिश्रा और पंडित रमाकांत मिश्रा के सानिध्य में यजमान दिनेश चौबे, राजू चौबे, रंगनाथ चौबे, बिरसा मुंडा एवं अश्विनी तिवारी सपत्नीक विधिवत प्राण प्रतिष्ठा पूजा की शुरूआत की। सोमवार को प्राण प्रतिष्ठा और मंगलवार को हवन, पूर्णाहुति और भंडारे का आयोजन किया गया है।

